एक नजर में

पिछले 24 घंटों में जिले में 7 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

खंडवा । जिले में गत चौबीस घंटों में 7 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे मे पंधाना तहसील में 9 मिलीमीटर, खालवा में 16 मिलीमीटर, खण्डवा में 3 और पुनासा तहसील में 9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में हरसूद तहसील में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 15 जुलाई तक 222 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 228 .6 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 242 मिली मीटर हरसूद तहसील में 230 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 159 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 204 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 308 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

वैश्य महासम्मेलन खंडवा जिले की पंधाना तहसील की बैठक

खंडवा । पंधाना तहसील वैश्य महासम्मेलन की बैठक रविवार को आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि लखनलाल नागोरी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं खंडवा संभाग प्रभारी विशेष अतिथि युवा इकाई के प्रदेश महामंत्री एवं खंडवा संभाग प्रभारी संजय तापड़िया, जिला अध्यक्ष दीपक पालीवाल उपस्थित हुए। वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रवक्ता नारायण बाहेती एवं एवं सुनील जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वैश्य महासम्मेलन प्रत्येक जिले एवं तहसील स्तर पर लगातार बैठक आयोजित कर रहा है। इसी संकलन में पंधाना तहसील में भी बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन तहसील अध्यक्ष नरेंद्र गंगराड़े द्वारा स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि लखनलाल नागोरी वैश्य समाज सम्मेलन प्रदेश से प्राप्त निर्देशों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए 50 नए सदस्य बनाने का तहसील को लक्ष्य दिया जिसका सभी सदस्यों ने तालियां बजाकर आश्वासन दिया। इसी के साथ युवा इकाई संभाग प्रभारी संजय तापड़िया द्वारा पंधाना युवा इकाई तहसील का गठन की घोषणा गई इसमें तहसील अध्यक्ष आदर्श जैन एवं महामंत्री पलाश जैन को सभी की सहमति से माला पहनाकर नियुक्त किया गया एवं आगामी कार्यकाल हेतु सक्रियता से जुड़ने का आह्वान किया गया। इस बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जैन एवं सहसचिव अजय लाड़, सुनील जैन भी उपस्थित थे। पंधाना तहसील के अध्यक्ष नरेंद्र गंगराड़े, पूर्व तहसील अध्यक्ष श्याम गंगराड़े, डॉक्टर राम गंगराड़े, वरिष्ठ सदस्य प्रफुल्ल जैन एवं पंधाना के वैश्य महासम्मेलन तहसील के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। आभार डॉक्टर राम गंगराडे द्वारा व्यक्त किया गया।

छेड़छाड़ करने वाले को सश्रम कारावास

खंडवा । न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश तहसील हरसूद द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी धनराम पिता आशाराम लोवंशी उम्र 38 साल निवासी खालवा तहसील खालवा जिला खंडवा को धारा 74 बीएनएस में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/- रूपए अर्थदण्ड, धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/- रूपए अर्थदण्ड, धारा 3(2)(Va) एस .टी ./एस .सी एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/-रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनिल चौहान द्वारा की गई।

नाबार्ड के 44वें स्थापना दिवस पर लगाए 44 पौधे

खंडवा । नाबार्ड के डीडीएम जितेंद्र एम खैरनार द्वारा बताया गया कि नाबार्ड के 44 में स्थापना दिवस के अवसर पर नाबार्ड, खंडवा द्वारा आज शहर मे卐एक पेड़ माँ के नाम卐 अभियान के तहत आईटीआई परिसर, खंडवा में 44 पौधों का रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक यादव, आरती कुशवाह एवं एवं आईटीआई खंडवा के प्राचार्य श्री सुनवाया उपस्थित हुए । अतिथियों एवं आईटीआई के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के उपरांत अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक जितेंद्र एम. खैरनार ने होटल स्टेप्स इन, खंडवा में विशेषीकृत दलहन सहकारिता और जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. डी एच रानडे, श्री वाणी एवं योगेश शुक्ला ने किसानों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, बैंककर्मियों और छात्रों को जैविक खेती के लाभों और तकनीकों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। जिला सहकारी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी गजेंद्र अत्रे ने खंडवा में सोयाबीन पर आधारित विशेषीकृत दलहन सहकारिता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि किसान सहकारी समितियों के माध्यम से सोयाबीन उत्पादन को और अधिक लाभकारी कैसे बना सकते हैं।

हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

खंडवा । खालवा पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा । थाना खालवा पुलिस को दिनांक 15 .07 .25 को फरियादी गोकुल पिता सुखराम कास्डे जाति कोरकू उम्र 19 साल निवासी आडाखेडा ने सूचना दिया कि दिनांक 14-15/07/25 को रात करीब 10 .00 बजे वह और उसका परिवार खाना खाकर खेत में बने घर में सो गये थे। उसके मां बाप घर के बाहर आंगन मे सोये थे। रात करीब 12 .00 बजे बाहर से चिल्ला चोट की आवाज आई तो मैं उठ कर बाहर आया तो देखा मेरी मां को बायी तरफ गर्दन के पीछे सीने व उल्टे हाथ पर तथा पिता सुखराम को सामने तरफ गले पर चोट लगकर खून निकल रहा था। वहां पर बाहर जल रही लाईट के उजाले में देखा तो रामलाल निवासी देवलीखुर्द का हाथ मे चाकू लेकर खडा था जो मुझे देखकर भाग गया। सूचना पर थाना खालवा में अपराध क्र 265/25 धारा 109 (1) BNS का अपराध पजीबंध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी रामलाल पिता सामा जाति कोरकू निवासी देवली खुर्द की तलाश हेतु टीम गठित की गई, जिसमें थाना खालवा के उप .निरी . चंद्रकांत सोनवणे, सउनि सुरज पाटिल, आर 119 संदीप बघेल को शामिल किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामलाल पिता सामा जाति कोरकू उम्र 35 साल निवासी देवली खुर्द को दिनांक 15 .07 .25 को गिरफ़्तार किया गया। आरोपी से पुछताछ कर घटना में प्रयुक्त चाकू विधिवत जप्त कर आरोपी रामलाल को न्यायालय हरसूद के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया।

'तन, मन व धन' तीनों के लिए हानिकारक है नशा, अत : इससे दूर रहें

नवभारत न्यूज

खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को स्थानीय होली स्पिरिट स्कूल में मध्य प्रदेश पुलिस के "नशा मुक्ति जागरूकता अभियान" के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनसे अपील की कि नशा तन मन और धन तीनों के लिए हानिकारक है, अत: इसे दूर रहें।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नशीले पदार्थों के साथ-साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग से भी विद्यार्थी दूरी बनाएं, और अपना पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर ही लगाएं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर एवं राजेश रघुवंशी तथा संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई सहित अन्य अधिकारी व विद्यार्थीगण मौजूद थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने किया।

पुलिस के "नशामुक्ति जागरूकता अभियान" में कलेक्टर श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों से की अपील

कलेक्टर ने अवसर पर कहा कि जो व्यक्ति एक बार ड्रग्स या नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करता है, वह उसके जाल में लगातार फसता जाता है। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों के परिवारजनों से कहा कि बच्चों के व्यवहार में अगर कोई परिवर्तन दिखे तो तुरंत अलर्ट हो जाएं। बच्चों से बात करें, और उनकी परेशानी को समझकर उसके निराकरण का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने परिजनों और शिक्षकों की बात मानें और उनके अनुभव का लाभ लें।

पुलिस अधीक्षक श्री राय ने इस अवसर पर कहा कि नशे के जाल में जो व्यक्ति एक बार फस जाता है, उसका इस दुष्चक्र से निकालना बहुत कठिन होता है, इसलिए नशे के इस दलदल से बचें। उन्होंने कहा कि बहुत से युवा और उनके परिवार इस नशे के कारण बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि किसी को ड्रग्स बेचने की कोई सूचना या जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके।

जिला पंचायत के सीईओ डॉ. गौडा ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने और अपना पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर ही लगाने की समझाइश दी। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंशी ने आभार प्रकट किया । कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया।

हरीयाली महोत्सव : किशोर कुमार स्मारक क्षेत्र में पौधारोपण

नवभारत न्यूज

खंडवा। हरीयाली महोत्सव के उपलक्ष्य में किशोर कुमार स्मारक क्षेत्र में एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 4 अगस्त को देश के महान गायक हरफन मौला कलाकार खंडवा में जन्मे किशोर दा का जन्मदिवस जिला प्रशासन निगम प्रशासन द्वारा गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है इसके पूर्व महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव के नेतृत्व में मंगलवार को किशोर समाधि स्मारक क्षेत्र में लगभग 2000 पौधे रोपित किए गए।

2000 पौधों का रोपण

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया मियावाकी तकनीक से किया गया पौधा रोपण जिससे कम समय में घना व स्थायी वन क्षेत्र विकसित किया जा सकेगा। विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे शामिल किए गए।

झीलोद्धान क्षेत्र में होगा पौधारोपण

नगर निगम द्वारा 16 जुलाई को झीलोद्धान क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। निगम सभी नागरिकों से आव्हान करता है कि वे इसमें भाग लें और "हरित खंडवा, स्वच्छ खंडवा" अभियान को मजबूती दें।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता

कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआई सी सदस्य राजेश यादव, अनिल वर्मा, सोमनाथ काले, आशीष चटकले, पार्षद पति दिनानाथ पंवार, पार्षदगण उपायुक्त एस.आर. सिटोले, कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय, विधि अधिकारी राकेश लालित, सहायक जनसंपर्क अधिकारी गौरव खरे, उपयंत्री राजेश गुप्ता संजय शुक्ला एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विट्ठल मंदिर में नाम सप्ताह उत्सव के उपलक्ष में आयोजित भंडारे में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की

नवभारत न्यूज

खंडवा। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नाम सप्ताह उत्सव समापन के उपलक्ष्य में श्रावण कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि अनुसार श्री विट्ठल मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नाम सप्ता उत्सव के समापन के पश्चात प्रतिवर्ष प्राचीन विट्ठल मंदिर में भोजन प्रसादी का आयोजन आयोजित होता है उसी के अनुरूप मंगलवार को पंचमी के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर दर्शन करने पश्चात पूजन प्रसादी ग्रहण की।

भंडारे के पूर्व मंदिर व्यवस्थापक राम श्याम आष्टेकर द्वारा अन्नपूर्णा माता का पूजन पंडित श्री गिरीश बरकले द्वारा किया गया। पंचमी के दिन आष्टेकर परिवार द्वारा भगवान विट्ठल का प्रात : काल आकर्षक श्रृंगार किया गया एवं आरती के पश्चात भोजन प्रसादी के पूर्व सर्वप्रथम ब्राह्मण भोज हुआ । उसके बाद हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

सुनील जैन ने बताया कि वितरण मंदिर में आयोजित भंडार में आष्टेकर परिवार के साथ साथ राकेश दशोरे, अंकित पवार, अमित दशोरे, अमित राठौर, कमल माहेश्वरी, पवन अत्रिवाल, नंदू सोनी, लच्छू भाई परिवार, गणेश एवं महिला मंडल का प्रसादी वितरण में काफी सहयोग रहा।

सिंधी समाज का चालिहा पर्व आज से

खंडवा। श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में सिंधी समाज द्वारा आज बुधवार 16 जुलाई से चालिहा पर्व बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। पर्व के दौरान सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में प्रति संध्या आरती, अरदास एवं भजनों की प्रस्तुतियां होगी। यह जानकारी देते हुए मंडल सचिव हरीश आसवानी एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि आज प्रात : 11 समाजजनों द्वारा मंदिर में नवग्रह पूजा अर्चना होगी। देश में चौमासे (वर्षा ऋतु) के दौरान सुख शांति एवं हरियाली, खुशाहाली की कामना के साथ सिंधी समाज द्वारा पूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास के साथ बुधवार 16 जुलाई से रविवार 24 अगस्त तक 40 दिन कठिन उपवास चालिहा साहब रखें जाना प्रारंभ होंगे। इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में समाजजन पूर्ण उत्साह से शामिल होंगे। 40 दिनों तक उपवास के दौरान सिंधी समाज निरंतर जल देवता वरुणावतार इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी की पूजा आराधना में लीन रहेगा। श्री झूलेलाल समर्थ पैनल एवं श्री पीपलेश्वर झूलेलाल भजन मंडली के सदस्यों द्वारा प्रातःकाल 07 बजे एवं संध्या 07 बजे से श्री झुलेलाल समर्थ पैनल के सेवाभावी युवा सदस्यों द्वारा भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ ही अख्खा, पूजा, आरती, अरदास एवं पल्लव संपन्न होगा। मनोहरलाल सबनानी एवं रवि गिदवानी ने पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि माता बहनों और समाजजनों द्वारा आज से चालिहा उपवास आस्था एवं श्रद्धा पूर्वक रखे जाएंगे। इस दौरान उपवासी द्वारा सात्विक जीवन व्यतीत किया जाता हैं। भूमि पर शयन एवं नाखून, बाल नहीं कटवाए जाते हैं, बिना तेल का भोजन ग्रहण किया जाता है। हर मनुष्य को सुख शान्ति एवं धन की प्राप्ति हेतु निर्विघ्न उपवास संपन्न होने की चेस्टा करना चाहिए।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी

नवभारत न्यूज

खंडवा । कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम दोगलिया निवासी मीराबाई ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उसका विद्युत मीटर जल गया है, और मीटर के अभाव में बिजली का बिल बहुत अधिक आ रहा है, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को नया मीटर लगवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम निहालवाड़ी निवासी सुमित ने अपना आधार पंजीयन ना होने संबंधी समस्या कलेक्टर श्री गुप्ता को बताई, जिस पर उन्होंने ई-गवर्नेंस प्रबंधक को आवेदक का आधार पंजीयन कराने में आ रही समस्या को दूर कर पंजीयन करवाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में रामसेतुपुरम कॉलोनी निवासी नागरिकों ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि कॉलोनाइजर द्वारा गलत जानकारी देकर प्लॉट बिक्री की गई, जिसके कारण बिजली, पानी, ड्रेनेज पहुंच मार्ग संबंधी बहुत सी समस्याएं आ रही हैं। जिस पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त और एसडीएम खंडवा को नागरिकों की समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम बिजोरा निवासी रामलाल ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उसका प्रधानमंत्री आवास निर्माण पूर्ण हो चुका है लेकिन उसे मजदूरी की राशि अभी तक नहीं मिली है, जिस पर उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देश दिए कि आवेदक की शेष राशि का भुगतान कराएं।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, संयुक्त कलेक्टर एस.आर. सोलंकी और रमेश खतेड़िया सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

ओंकारेश्वर — **श्रद्धालुओं को मिल रही हैं बेहतर सुविधाएं, मंदिर प्रबंधन की आय भी बढ़ी**

मंदिर की सेवाएं श्रद्धालुओं को ऑनलाइन उपलब्ध

नवभारत न्यूज

खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार आ रहा है। "ई-आराधना" और "शीघ्र दर्शन" की ऑनलाइन सुविधा से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली है और मंदिर प्रबंधन की आय में भी लगातार वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा वेबसाइट के माध्यम से पंचामृत पूजन, लघु रुद्राभिषेक, नवग्रह शांति जाप पूजन, जलाभिषेक, पार्थेश्वर पूजन, कालसर्प दोष पूजा, महामृत्युंजय जाप, श्री चिंतामणि पार्थेश्वर पूजन और विश्रामालय में रुकने के लिए श्रद्धालुओं को ऑनलाइन बुकिंग के कारण अब कोई परेशानी नहीं होती है। श्रद्धालुगण अब अपने घर बैठे ही ई-आराधना के माध्यम से इस तरह के पूजन में शामिल हो सकते हैं।

ऑनलाइन टिकट की बुकिंग से 8 .77 लाख रुपए की आय मंदिर प्रबंधन को हुई

एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति ने बताया कि श्रावण मास के पहले सोमवार को शीघ्र दर्शन के लिए 300 रुपए प्रति टिकट के मान से कुल 2925 ऑनलाइन टिकट की बुकिंग से 8.77 लाख रुपए की आय मंदिर प्रबंधन को हुई है। इसके अलावा सोमवार को जलाभिषेक की 6, पंचामृत पूजन की 1, चिंतामणि पार्थेश्वर पूजन की 1, ई-जलाभिषेक की 1 और ई-पंचामृत पूजन की 1 बुकिंग हुई है। एसडीएम श्री प्रजापति ने बताया कि वेबसाइट प्रारंभ होने से लेकर अब तक 145677 श्रद्धालु शीघ्र दर्शन के लिए टिकट बुक कर चुके हैं। इसके अलावा वेबसाइट के माध्यम से महामृत्युंजय जाप की 5, कालसर्प दोष की पूजा हेतु 3, पार्थेश्वर पूजन की 6, जलाभिषेक के 427, नवग्रह शांति जाप पूजन के 2, लघु रुद्राभिषेक की 6, पंचामृत पूजन की 74 तथा ई-आराधना की 18 बुकिंग ऑनलाइन हो चुकी हैं। इसके अलावा ओंकारेश्वर के विश्रामालय में रुकने हेतु अब तक 129 श्रद्धालु ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। एसडीएम श्री प्रजापति ने बताया कि पूर्व में जब ऑनलाइन व्यवस्था नहीं थी, तब मंदिर प्रबंधन के कर्मचारियों पर पक्षपात करने और रुपए लेकर शीघ्र दर्शन कराने के आरोप लगते थे। जब से ऑनलाइन व्यवस्था लागू की गई है, तबसे यह समस्या समाप्त हो गई है।



''ई-आराधना'' सुविधा का लाभ कैसे उठाएं

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में महामृत्युंजय जाप, पार्थेश्वर पूजन, पंचामृत पूजन, नर्मदा आरती, नर्मदा पूजन तथा जलाभिषेक कराकर यदि आप पुण्य लाभ प्राप्त करना चाहते हैं तो ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की ऑफिशियल वेबसाइट shriomkareshwar.org पर जाकर ऑनलाइन पूजा व शीघ्र दर्शन की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को वेबसाइट पर जाकर पूजन के लिए तिथि व समय बुक करना होगा। बुक किये गये निर्धारित समय पर भक्तगण वीडियो लिंक के माध्यम से पूजन व अभिषेक में घर बैठे शामिल हो सकते हैं।